CLASS : 10th (Secondary) **Code No. 5501**

Series : Sec. April/2021

Roll No. | | | | | | | | | | |

SET : A

हिन्दी

भाग – I

(आत्मनिष्ठ प्रश्न)

(Academic/Open)

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे] *[पूर्णांक : 80* (भाग–I : 40, भाग–II : 40)

प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है : भाग–I (आत्मनिष्ठ) एवं भाग–II (वस्तुनिष्ठ)। परीक्षार्थी को दोनों भागों के प्रश्नों के उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न-पत्र का भाग–I परीक्षा आरम्भ होने पर पहले उत्तर-पुस्तिका के साथ दिया जाएगा तथा भाग–II के लिए आखिरी का एक घंटे का समय दिया जाएगा अर्थात् परीक्षा समाप्त होने से एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को भाग–II का प्रश्न-पत्र दिया जाएगा।

भाग–I के प्रश्न-पत्र में कुल 9 प्रश्न एवं भाग–II के प्रश्न-पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं।

- *कृपया जाँच कर लें कि **भाग–I** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **9** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

नोट : *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

StudentSuvidha.com downloaded from

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

खण्ड – क

1. दोहा छंद का लक्षण लिखिए। 2

2. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) पर्यावरण संरक्षण

(ख) इंटरनेट का महत्त्व

(ग) योग और स्वास्थ्य

(घ) विद्यार्थी और अनुशासन

(ङ) मेरा प्रिय नेता

3. विद्यालय में स्वच्छ जल की व्यवस्था करवाने के बारे में मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

अथवा

मोबाइल गेम्स का दुष्परिणाम बताते हुए छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

खण्ड – ख

4. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नाथ संभुधनु भंजनिहारा । होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिय किन मोही । सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई । अरि करनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा । सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।

प्रश्न : –

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए। 1

(ii) प्रस्तुत काव्यांश में निहित भाव सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 2

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 + 3 = 6

(क) 'कन्यादान' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'उत्साह' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) पठित पदों के आधार पर गोपियों का योग साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।

खण्ड – ग

6. निम्नलिखित गद्यांश से संबंधित नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर दीजिए :

आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं। ठंडी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार सी कर उठी। यह क्या है - यह कौन है ! यह पूछना न पड़ेगा। बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं। उनकी अँगुली एक-एक धान के पौधे को, पंक्तिबद्ध, खेत में बिठा रही है। उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर। बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं, मेंड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते हैं, वे गुनगुनाने लगती हैं।

प्रश्न : -

प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम और पाठ का नाम बताते हुए, स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने भगत के संगीत को जादू क्यों कहा है ? 3

7. यशपाल ***अथवा*** स्वयं प्रकाश का जीवन परिचय देते हुए, उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

8. लेखक ने फ़ादर कामिल बुल्के को मानवीय करुणा की दिव्य चमक क्यों कहा है ? 3

अथवा

'लखनवी अंदाज़' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

खण्ड – घ

9. *'कृतिका (भाग-2)'* के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि....' प्रार्थना के भाव का वर्णन कीजिए।

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में साँप निकलने की घटना से भोलानाथ एवं साथियों की क्या हालत हुई ?

(ग) मूर्तिकार जॉर्ज के नाप की नाक की खोज में देश-दौरे पर किस-किस प्रांत में पहुँचा ?

(घ) रानी एलिज़ाबेथ द्वितीय के ऐश्वर्य का वर्णन कीजिए।

(ङ) सिक्किम के अधिकतर लोगों की जीविका का साधन क्या है ?

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com